# डी. एल. डी. ए. वी. मॉडल स्कूल

## कक्षा - दूसरी, विषय-हिंदी

## पुनरावृत्ति - अपठित गद्यांश

**गद्यांश पढ़कर सही विकल्प चुनो -**

एक नन्हीं परी थी।वह बहुत ही प्यारी थी। पर उसे उड़ने में बहुत डर लगता था। उसकी दो प्यारी सखियाँ थीं। सोना और मोना। एक दिन उन्होंने नन्हीं परी से कहा - "नन्हीं परी, आज हम धरती पर घूमने जाएँगे। क्या तुम हमारे साथ चलोगी?" नन्हीं परी डर गई। वह बोली - "नहीं, नहीं मुझे उड़ने से डर लगता है।" तब सोना और मोना बोली -"हम तुम्हारे साथ हैं। तुम्हें डरने की ज़रूरत नहीं है।" फिर नन्हीं परी सोना और मोना के साथ उड़ने लगी। वह बहुत खुश हुई और उसका डर भी समाप्त हो गया था।

(क) नन्हीं परी को किससे डर लगता था ?

(1) खाने में (2) सोने में (3) खेलने में (4) उड़ने में

(ख) नन्हीं परी की सखियों का क्या नाम था ?

LIVEWORKSHEETS

(1) सोना और मोना (2) सोनू और मोनू (3) मोना और डोना

(ग) नन्हीं परी अपनी सखियों के साथ कहाँ घूमने गई ?

(1) आकाश में (2) मॉल में (3) धरती पर (4) समुद्र में

(घ) विपरीत शब्द :- आज

(1) परसों (2) कल (3) आगे (4) अंदर

(ङ) वचन बदलिए :- सखी

(1) सखीयां (2) सखिया (3) सखियाँ (4) सखीयाँ

LIVEWORKSHEETS